तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024



12 दिव्यांगों के प्रति सहानुभूति नहीं सम्मान व सहयोग...



12 नेशनल मिशन ऑन एडिबल योजना अंतर्गत विकासखंड...



## खबर संक्षेप




### फसल प्रबंधन पर मिली किसानों को जानकारी

**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभांट के चतुर्थ वर्ष के छात्रों का ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत मोहपुर के किसानों को जैविक कीटनाशक और रोग प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया गया, जिसमें डॉ. जगृति पटेल और प्रदीप कुमार गंजीर के मार्गदर्शन में छात्रो ने जैविक कीटनाशक तैयार किया। किसानों को कीटों और फसल रोगों के प्रबंधन के प्रभावी तरीके बताए गए। किसानों को प्राकृतिक स्त्रोतों से जैविक कीटनाशक तैयार करने की विधि और खेतों में उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को फसल सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी और सही उपचार के महत्व के बारे में भी बताया गया।

### सायबर अपराध से बचने दिए सुझाव

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर सुखई में आयोजित किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम के तहत थाना प्रभारी साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों और उनके खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों को मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करने और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ललित नरेटी ने स्वच्छता के महत्व और इसके प्रभावों पर चर्चा किया। संध्या के समय औचक निरीक्षण में रासेया के जिला संगठन बीआर नायक पहुँचे और स्वयंसेवकों के द्वारा रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### मावा मोदोल के लिए आज स्क्रीन टेस्ट

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के अभिनव पहल मावा मोदोल योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के छात्र-छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए इच्छुक विद्यार्थीयों के लिए प्रतियोगी परीक्षा सभी पंजीयन कराए हुए छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग टेस्ट आज 05 दिसम्बर 2024 दिन गुरूवार को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिन छात्रों ने पंजीयन नहीं कराया है। वह भी अपने आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो सकते है। स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए विकासखंड मुख्यालय के शासकीय पीएमश्री विद्यालय भानुप्रतापपुर (सेजेश), शासकीय पीएमश्री विद्यालय अंतागढ (सेजेश), शासकीय पीएमश्री विद्यालय दुर्गुकोंदल (सेजेश), शासकीय उमा विद्यालय पखांजुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### युवक कांग्रेस का तहसील कार्यालय का घेराव 9 को

**भानुप्रतापपुर।** भाजपा की किसान विरोधी नीतियों, वादा खिलाफी व धान खरीदी में किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस 09 दिसंबर सोमवार को भानुप्रतापपुर के तहसील कार्यालय का घेराव करेगी। प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव पंकज राज वाधवानी ने कहा कि क्षेत्र बारदाने की कमी के कारण धान बेचने में बाधा आ रही है। टोकन प्रणाली अव्यवहारिक है, जिससे कई किसानों की बारी नहीं आ रही। ऐसी कई समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### तीन दिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत अंतर संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता संकुल मर्रामपानी व सिहारी के अंतर्गत संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मदले में 5 दिसंबर से ▶▶|शेष पेज 10 पर

## चुनाव : निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिए आयोग कटिबद्ध

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के लिए आयोग ने समीक्षा करके तय की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







- बैठक में बस्तर संभाग के सभी कलेक्टर-एसपी व उपजिला निर्वाचन अधिकारी हुए शामिल
- नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024 को लेकर आयोग ने ली बैठक

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी ओ.पी. पाल, आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे की उपस्थिति में 4 दिसंबर को आयोजित बैठक में बस्तर आईजी, बस्तर कमिश्नर, बस्तर संभाग के सभी कलेक्टर, एसपी से संवाद करके बस्तर संभाग में पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने पर समीक्षा करते हुए रणनीति तैयार किया। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि नगरीय निकायों में प्रति एक हजार मतदाता के लिए एक मतदान केन्द्र और पंचायतों में निर्वाचन के लिए 500 मतदाता के लिए एक मतदान केन्द्र बनाए जाने की बात कही, इसके साथ ही यह भी कहा कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं। चुनाव के सुचारू रूप से संचालन के लिए चुनाव की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा किया। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर संभाग के साथ ही प्रदेश के सभी संभागों में निर्वाचन की समीक्षा सम्पन्न होगी। आगामी समय में चुनाव की तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ आयोग की संयुक्त रूप से बैठक की जाएगी, जिसके तहत चुनावी प्रक्रिया के दौरान होने वाली चुनौतियों और संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि 01 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र लोगों के नाम निर्वाचक नामावली में अनिवार्य रूप से होने चाहिए। बस्तर संभागायुक्त ने संभाग के सभी जिलों में की जा रही निर्वाचन की तैयारियों की संक्षिप्त जानकारी दी। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने जिलों के निर्वाचन संबंधी तैयारियों की अद्यतन स्थिति से आयोग को अवगत कराया।

### 81 पार्षद, 45 सरपंच व 13 जिपं सदस्यों का होगा चुनाव

जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश क्षीरसागर ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले में 6 नगरीय निकाय हैं, जिनमें नगरपालिका परिषद एक और शेष 5 नगर पंचायत हैं। इनमें नगरपालिका परिषद कांकेर में 21 पार्षदों और पांच नगर पंचायतों में 60 पार्षदों का चुनाव किया जाना है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत के तहत जिले में सात जनपद पंचायतें हैं, जिसके तहत 13 जिला पंचायत सदस्य, 115 जनपद पंचायत सदस्य, 454 सरपंच तथा 5923 पंच का चुनाव संपन्न होगा।

### सुरक्षा उपाय की ली जानकारी

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सुरक्षा उपायों और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं, कर्मचारियों की तैनाती और निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की, ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय और सहयोग बना रहे ताकि चुनाव प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो सके। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर संभाग सुंदरराज पी. ने निर्वाचन के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था के संबंध जानकारी दी। कांकेर पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### नगरीय निकाय में 46 हजार और पंचायतों में 5 लाख हैं मतदाता

नगरीय निकायों में मतदाताओं की संख्यात्मक जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक की स्थिति में 46 हजार 67 मतदाता हैं, जिनमें 21 हजार 994 पुरूष और 24 हजार 145 महिला एवं 08 अन्य मतदाता हैं। इसी तरह आज दिनांक की स्थिति में त्रिस्तरीय पंचायतों में मतदाताओं की 05 लाख 12 हजार 247 मतदाता ग्रामीण क्षेत्र के हैं, जिनमें 02 लाख 50 हजार 570 पुरूष और 02 लाख 61 हजार 676 महिला एवं 01 अन्य मतदाता शामिल हैं।


### बैठक में यह रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत, नारायणपुर कलेक्टर विपिन मांझी, बस्तर कलेक्टर हरिस एस., बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा सुकमा कलेक्टर देवेश ध्रुव, बस्तर एसपी शलभ सिन्हा, कोंडागांव एसपी, नारायणपुर एसपी, दंतेवाड़ा एसपी, बीजापुर एसपी, सुकमा एसपी के अलावा सातों जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित थे।

## फेंगल तूफान से बांदे इलाके में बारिश से भीगे धान किसानों की बढ़ी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





फेंगल तूफान के चलते बुधवार को धूप व छांव का खेल दिनभर चलता रही वहीं मंगलवार को इरपानार धान खरीदी केंद्र पर धान बेचने के लिए पहुँचे किसान का धान पूरी तरह से भीग गया। किसान ने कहा कि अब हम क्या करें, समझ में नहीं आ रहा है। इसके अलावा धान खरीदी केंद्र इरपानार में भी रखा हुआ धान भीग गया है। जानकारी के अनुसार फेंगल तूफान के कारण विगत तीन दिनों से मौसम बिगड़ा हुआ था। कांकेर के शहरी ईलाको में बूंदाबांदी हुई थी वहीं अंदरूनी ईलाकों में तेज बारिश भी हुई है। पखांजुर ईलाके में बुधवार को भूकंप के झटके भी महसूस किए गए। मंगवलार को इरपानार ईलाके में हुई बारिश के चलते किसानों का धान पूरी तरह से भीग गया और किसान अब परेशान हो गए है। भीगे हुए धान को खरीदी केंद्र प्रभारी ने धान लेने के लिए मना कर दिया है, जिसके चलते किसान पूरी तरह से परेशान हो गए है। इरपानार धान खरीदी केंद्र में धान बेचने पहुँचे किसान श्रीनाथ ने बताया कि 58 क्विंटल धान बेचने के लिए लाया था, परंतु औचक बारिश हो जाने से पूरा धान भीग गया, क्योकि धान खरीदी केंद्र में धान को ढकने के लिए कोई व्यवस्था नही थी, अब इसका नुकसान किसान को उठाना पड़ेगा। किसान का कहना था कि पूरा धान भीग गया और मैं मजदूर आदमी हूं, ऐसे में अब क्या करूं, समझ में नहीं आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि खरीदी ▶▶|शेष पेज 10 पर




### सामुदायिक व सांस्कृतिक भवन बनने से मोहल्लेवासियों को मिलेगी राहत

**कांकेर।** उदय नगर में सामुदायिक व सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम करने के लिए कोई सार्वजनिक भवन नहीं होने के कारण मुहल्लेवासियों को दिक्कतें होती थी। इस भवन के बन जाने से मुहल्लेवासियों को राहत मिलेगी। उदय नगर में 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित सामुदायिक व सांस्कृतिक भवन का अतिथियों के द्वारा भूमिपूजन किया गया और यह भवन साढ़े 29 लाख की लागत से बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पार्षद विजयलक्ष्मी कौशिक ने कहा कि मुहल्लेवासियों की यह माँग बहुत पुरानी है, जो आज पूरी हो पाई। हमार प्रयास होगा कि यह भवन जल्द से जल्द समय में बनकर गुणवत्तपूर्ण तैयार हो जाएं। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद मोहन मंडावी, राजीव लोचन, टेकेश्वर जैन, जयंत अठभैया, आसिफ शेखानी, उगेश्वरी उईके, जागेश्वरी साहू, मीरा सलाम, मीना उईके, अविनाश नेगी, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पंचायत में ओबीसी को मिलेगा 50 प्रतिशत आरक्षण, राजपत्र में जारी हुई अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


छत्तीसगढ राजपत्र
(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और वार्डो के आरक्षण के लिए अध्यादेश जारी कर दिया गया है। इसमें आरक्षण की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है, लेकिन जहाँ एससी व एसटी की आबादी 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां ओबीसी वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर अध्यादेश जारी करते हुए राजपत्र में 3 दिसंबर को प्रकाशन किया गया है। सरकार ने इस अध्यादेश में यह साफ कर दिया है कि ओबीसी वर्ग के आरक्षण की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है, हालांकि यह भी कहा है कि आरक्षण सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत की गई लेकिन जहां एसी एवं एसटी की आबादी 50 फीसदी से ज्यादा वहां ओबीसी वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। सरकार ने कैबिनेट की बैठक में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के लिए स्थानीय निकायों में भी आरक्षण के नियम बदल दिए हैं और इसका अध्यादेश भी जारी किया है। दरअसल अब त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनावों में ओबीसी की आरक्षण सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने अनुशंसा किया था, यह फैसला ओबीसी वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक जनप्रतिनिधित्व देना तय करेगा। राजपत्र में अधिसूचना जारी हो जाने के बाद अब इसी के तहत आरक्षण की प्रकिया प्रारंभ की जाएगी। स्थानीय निर्वाचन आयोग अब इसी के अनुसार तैयारी शुरू कर देगा। राजपत्र जारी हो जाने के बाद जल्द ही आरक्षण ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बाइक की ठोकर से खेत जाती महिला की सायकिल हुई क्षतिग्रस्त

## सायकिल बनवाने की बात पर पति-पत्नी की पिटाई, बाइक चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** सायकल में सवार हो कर खेत जा रही महिला को बाईक सवार ने अपनी बाईक को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया, जिससे सायकल के चक्का बेंड हो गया। खराब हुई सायकल को बनवाने के नाम पर मारपीट करने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंची पुसवाड़ी निवासी 45 वर्षीय लता निषाद पति सराढु निषाद ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर को शुक्रवार को सायकल से अपने खेत जा रही। सामने की ओर से गांव का सत्ती पटेल मोटर सायकल से आ रहा था, जिसने हमारे सायकल को ठोकर मार दिया था। सायकल का चक्का बैंड हो गया था। सायकल को सत्ती पटेल द्वारा बनवाने के लिए गांव के सायकल स्टोर में बनाने के लिए दिए थे जो 3 दिसंबर सुबह करीबन साढ़े 8 बजे सत्ती पटेल के पति योगेश पटेल उर्फ गोलू द्वारा मेरे पति को सायकल स्टोर में बुलाकर ले गया और तुम्हारे सायकल को नहीं बनाउंगा बोला और मेरे पति सराधु निषाद को गाली देने लगा। गाली देते हुए जान से मारने की धमकी के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर सायकल में पटक दिया, जिसे देखकर मैं बीच बचाव कर रही थी, तो ▶▶|शेष पेज 10 पर

### सशिमं में राष्ट्रीय स्तरीय की गई परख परीक्षा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्तरीय परख परीक्षा का आयोजन किया गया। ऑब्जर्व के रूप में जेएनवी कांकेर से खेमलाल साहू एवं सुलोचना कश्यप के द्वारा आयोजित किया गया। परीक्षा अवधि के बीच सत्र में मॉनिटरिंग के लिए आए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंजलि मंडावी, बीआरसी लतीफ सोम, संकुल समन्वयक रामचंद्र दुग्गे, बलराम भोयर टिकेश साहू एवं डाइट्स कांकेर की सिम्मी वर्मा के द्वारा परीक्षा का निरीक्षण किया गया।

## पत्नी की हत्या, पति को आजीवन कारावास एवं 500 का अर्थदंड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय में आरोपी को आजीवन कारावास व 500 रूपएं अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड की सजा नहीं जमा करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अतिरिक्त लोक अभियोजक टीएस यादव ने बताया कि आरोपी 45 वर्षीय शम्भू राम कोमरा पिता बिरजू कोमरा निवासी ग्राम मेण्डा साल्हेपारा थाना बड़गांव ने 23 दिसंबर 2019 को रात्रि करीबन 8 बजे अपनी खेत लाडी में शराब पीकर पहुँचा, उस समय उसकी अपनी पत्नी, तीन छोटे भाई व तीन छोटी बहन के साथ खाना खा रहे थे। आरोपी शम्भू राम शराब पीकर अपनी पत्नी रामको बाई को कहने लगा कि तुम अपने भाईयों से मुझे शराब पीता है कहकर पिटवाती हो बोलते हुए गाली देने लगा। आरोपी अपनी पत्नी को गुस्से में आकर जान से मार दूंगा कहकर जल रही कर्रा लकड़ी से दाहिने गर्दन के पास मार दिया, जिसके कारण गिरने से खून निकलने पर इसकी पत्नी रामको बाई की मृत्यु हो गई। बच्चों के चिल्लाने पर आसपास के लोग आने से थाना ▶▶|शेष पेज 10 पर

### शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की समझ, उनकी दक्षता का होगा मूल्यांकन

## 108 स्कूलों में 2379 छात्र-छात्राओं ने परख परीक्षा दी, झलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



परख परीक्षा में जिले के 108 स्कूलों में 2379 छात्रों को परीक्षा देने का मौका मिला, वहीं परीक्षा करवाने के लिए प्रत्येक विद्यालय में दूसरी जगह के शिक्षकों को पर्यवेक्षक बनाया गया था। परीक्षा के बाद छात्रों ने संवाद करते हुए बताया कि पेपर अच्छा रहा, छात्रों के चेहरों पर खुशी व उत्साह भी दिखा। छात्रों का कहना था कि हम लोगों को यह मौका मिला, बड़ी बात है। एनसीईआरटी द्वारा 4 दिसंबर को जिले के 108 स्कूलों में परख परीक्षा का आयोजन किया गया। तीसरी कक्षा के लिए चयनित 37 विद्यालयों में कुल 639 छात्र शामिल हुए, जिसमें बालक 317 और बालिका 322 थे, दूसरे विद्यालयों के 121 शिक्षको को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई थी। छठवीं कक्षा के लिए चयनित 34 स्कूलों में कुल 742 छात्र शामिल हुए, जिसमें बालक 386 और बालिका 356 थे और परीक्षा को संपन्न कराने के लिए 195 शिक्षकों को पर्यवेक्षक बनाया गया था। नौंवी कक्षा के लिए चयनित 37 स्कूलों से कुल 998 छात्र शामिल हुए जिसमें बालक 477 और बालिका 521 थे और 241 शिक्षकों को पर्यवेक्षक बनाया गया। जिलेभर से 108 स्कूल का चयन किया गया, जिसमें बालक 1180 और बालिका 1199 कुल 2379 छात्र शामिल हुए और परीक्षा को संपन्न कराने में 557 शिक्षकों को पर्यवेक्षक बनाया गया। तीसरी के छात्रों का कहना था कि भाषा व वर्ड एराउंड के प्रश्न सरल थे और गणित के प्रश्न कुछ कठिन थे। छठवीं के छात्रों का कहना था कि गणित के कुछ प्रश्न कठिन थे और अन्य विषयों के प्रश्न सरल थे। नौंवी के छात्रों का कहना था कि गणित व विज्ञान के प्रश्न कुछ कठिन थे। तीनों कक्षाओं के छात्रों से बात करने पर छात्रों का कहना था कि यह बहुत बड़ी बात है कि हम लोगों को परीक्षा देने का मौका मिला। कलेक्टर नीलेश क्षीसागर के मार्गदर्शन में निरीक्षण करने के लिए भी टीम लगी रही थी। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल एवं सहायक जिला परियोजना अधिकारी वैभव कुमार मेश्राम ने प्राथमिक शाला चोरिया बड़ेपारा संकुल केंद्र सरोना बालक का आकस्मिक निरीक्षण किया।

### परख परीक्षा करवाने का उद्देश्य

परख परीक्षा भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की जाने वाली यह राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण है, जो भारत सरकार द्वारा छात्रों के शिक्षा स्तर व ज्ञान की गुणवत्ता को मापने के लिए आयोजित की गई। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की समझ और उनकी दक्षता को जानना है। इस परीक्षा का आयोजन एनईपी 2020 को ध्यान में रखकर लिया जा रहा है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

